हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार 30 मई 2026

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 22.6 डिग्री

11 जटवाड़ा में महिला की हत्या के आरोपी काबू

12 नप कार्यालय में करवाया हनुमान चालीसा का पाठ


खबर संक्षेप

### महिला का बैग काटकर 24 हजार रुपये चोरी




**खरखौदा।** एसबीआई की स्थानीय शाखा से रुपये निकालने आई महिला के बैग को काटकर 24 हजार रुपये चोरी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव झरोठ निवासी अनीता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह खरखौदा स्थित एसबीआई शाखा में रुपये निकालने आई थी। बैंक से 24 हजार रुपये निकालने के बाद उसने रकम अपने बैग में रख ली। कुछ देर बाद उसे पता चला कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसका बैग काटकर उसमें रखी नकदी चोरी कर ली। घटना का पता चलते ही महिला ने पुलिस को सूचना दी। शिकायत के आधार पर खरखौदा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लोगों ने बैंकों के आसपास सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। उनका कहना है कि संदिग्ध लोग बैंकों के आसपास घूमते रहते है और आमतौर पर बुजुर्ग लोगों को निशाना बनाते है। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की पड़ताल के लिए सीसीटीवी खंगाले जाएंगे, ताकि आरोपी को पकड़ा जा सके।

# नागरिक अस्पताल को अमृत फार्मेसी, महिला क्लीनिक और विश्राम सराय की मिली सौगात

### मुख्यमंत्री ने पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वर्चुअल माध्यम से किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

**सोनीपत।** स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में जिला नागरिक अस्पताल को शुक्रवार को कई नई सौगातें मिलीं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला से वर्चुअल माध्यम से अमृत फार्मेसी, वीटा बूथ, विश्राम सराय और स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार (एसएनएसपी) क्लीनिक का शिलान्यास किया। जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक कृष्णा गहलावत, निखिल मदान और देवेंद्र कादियान ने परियोजनाओं का शुभारंभ किया। विधायकों ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को सुलभ, सस्ती और आधुनिक बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से मरीजों और उनके परिजनों को सीधा लाभ मिलेगा। इस दौरान भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक, प्रदीप सांगवान, उपायुक्त नेहा सिंह, नगराधीश सिमरन, सीएमओ डॉ. अनुराधा और कुलदीप नांगल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। इस दौरान विधायक निखिल मदान ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण का आधार स्वस्थ नागरिक हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि प्रत्येक व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ एवं किफायती दरों पर उपलब्ध हों। जिला नागरिक अस्पताल में शुरू की गई नई सुविधाएं आमजन को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत कर रही, इससे मरीजों को फायदा होगा। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

- जिले में विधायकों ने जनता को समर्पित किया


सोनीपत। नागरिक अस्पताल की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास करते विधायक।

### अमृत फार्मेसी में दवाओं व उपकरणों पर 50% छूट मिलेगी

जिला नागरिक अस्पताल में स्थापित अमृत फार्मेसी केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का हिस्सा है। इसका उद्देश्य मरीजों को आवश्यक दवाइयां, इम्प्लांट और सर्जिकल सामग्री रियायती दरों पर उपलब्ध कराना है। कैंसर, हृदय रोग और अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से करीब 50 प्रतिशत तक की छूट पर दवाइयां मिल सकेंगी। वहीं, स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार (एसएनएसपी) क्लीनिक महिलाओं के स्वास्थ्य, जागरूकता और सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इस क्लीनिक में महिलाओं को एक ही स्थान पर विशेष स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जिला नागरिक अस्पताल परिसर में करीब 6.45 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक विश्राम सराय का निर्माण किया जाएगा। इसका उद्देश्य दूरदराज क्षेत्रों से आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को ठहरने की सुविधा उपलब्ध कराना है। यहां बैठने और विश्राम की व्यवस्था के साथ स्वच्छ पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## ट्रांसफार्मर में फॉल्ट से घंटों अंधेरे में रहा जिला नागरिक अस्पताल

**सोनीपत।** दिल्ली रोड स्थित नागरिक अस्पताल में शुक्रवार को स्वास्थ्य सेवाओं और मूलभूत सुविधाओं के दावे कमजोर पड़ते नजर आए। ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी के चलते अस्पताल के कई हिस्सों में सुबह से दोपहर तक बिजली व्यवस्था प्रभावित रही। इससे मरीजों, उनके परिजनों और चिकित्सकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली बाधित होने के कारण अस्पताल के कई कमरों में अंधेरा छाया रहा। कुछ चिकित्सक मोबाइल की टॉर्च की रोशनी में मरीजों को परामर्श देते नजर आए। वहीं सरकार और स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुक्रवार को शुरू किए गए 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' महिला क्लीनिक में भी बिजली न होने से महिला चिकित्सक इंतजार करती रहीं, जबकि मरीज बाहर बैठे रहे। बिजली व्यवस्था ठप होने से अस्पताल में पेयजल संकट भी गहरा गया। लेबर वार्ड, ओपीडी और अन्य विभागों में पानी की किल्लत बनी रही। गर्मी के कारण मरीजों और परिजनों को बाहर से पानी खरीदकर काम चलाना पड़ा। इससे अस्पताल परिसर में अव्यवस्था का माहौल बना रहा। उधर महिला शौचालय पर ताला लटका मिलने से महिलाओं को अतिरिक्त परेशानी झेलनी पड़ी। कई महिलाओं को मजबूरी में अस्पताल परिसर से बाहर जाना पड़ा। काफी समय तक अस्पताल में अफरातफरी मची रही।

- महिला क्लीनिक के पहले दिन ही बिजली संकट, मरीजों को करना पड़ा इंतजार


सोनीपत। लाइट आने का इंतजार करते डॉक्टर्स और मरीज।

### तकनीकी खराबी को ठीक करवाया : डॉ. प्रवीन

अस्पताल के मीडिया प्रभारी डॉ. प्रवीन ने बताया कि ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी के कारण बिजली व्यवस्था प्रभावित हुई थी, जिसे बाद में ठीक करवा दिया गया। महिला शौचालय पर ताला लगाने की जानकारी नहीं है।

## इंटरलॉकिंग कार्य के चलते बदला ट्रेनों का रूट, तीन एक्सप्रेस नहीं पहुंचीं स्टेशन

**सोनीपत ।** दिल्ली-अंबाला रेल लाइन पर शाहाबाद मारकंडा और मोहरी स्टेशन पर नए इंटरलॉकिंग पैनल व तकनीकी कार्य के चलते उत्तर रेलवे ने यातायात ब्लॉक लिया है। इसके कारण शुक्रवार को तीन एक्सप्रेस ट्रेनें सोनीपत रूट से नहीं गुजरीं, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। रेलवे के अनुसार 12311 नेताजी एक्सप्रेस, 11077 झेलम एक्सप्रेस और 18101 मुरी एक्सप्रेस का परिचालन दिल्ली, सोनीपत, गन्नौर, पानीपत, करनाल व कुरुक्षेत्र के बजाय खुर्जा, मेरठ सिटी और सहारनपुर के रास्ते अंबाला तक किया गया। इससे यात्रियों को अन्य ट्रेनों, रोडवेज बसों और निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ा। कई यात्री स्टेशन पर ही फंसे रह गए।

**आज इन ट्रेनों का संचालक प्रभावित रहेगा:** उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि 6 जून तक कई एक्सप्रेस ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन और कुछ ट्रेनों को रद्द किया गया है। शनिवार को हिमाचल एक्सप्रेस, जम्मू मेल और नेताजी एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार तकनीकी कार्य पूरा होने तक यात्रियों को यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति की जानकारी लेकर ही सफर करना चाहिए।

## तेज हवाओं से 70 बिजली खंभे और दर्जनभर ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त

**सोनीपत ।** जिले में पश्चिमी विक्षोभ का असर लगातार दूसरे दिन भी देखने को मिला। शुक्रवार को दिनभर चली तेज हवाओं और हल्की बूंदाबांदी से लोगों को भीषण गर्मी व लू से राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस रहा। शनिवार और रविवार को भी बारिश व तेज हवाओं की संभावना जताई गई है। तेज हवाओं के कारण जिले में बिजली व्यवस्था प्रभावित रही। बृहस्पतिवार को आंधी से अलग-अलग क्षेत्रों में करीब 70 बिजली खंभे और दर्जनभर ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए। इससे शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ समय के लिए बिजली आपूर्ति बाधित रही। गोहाना क्षेत्र में सबसे अधिक नुकसान होने की आशंका है। सूचना मिलते ही निगम की टीमों ने मरम्मत कार्य शुरू किया, जिसके बाद अधिकांश क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति सामान्य कर दी गई। मौसम विशेषज्ञ डॉ. प्रेमदीप ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ का असर 30 मई तक बना रहेगा। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने, बारिश और आंशिक ओलावृष्टि की संभावना है। इससे तापमान में गिरावट रहेगी और लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी।

- जिले में पश्चिमी विक्षोभ का असर लगातार दूसरे दिन भी देखने को मिला
- बृहस्पतिवार को आंधी के कई जगह बिजली व्यवस्था ठप हो गई

## मेयर राजीव जैन ने संभाला कार्यभार, रोजाना 11 बजे तक करेंगे जनसुनवाई



**सोनीपत।** नगर निगम के नवनिर्वाचित मेयर राजीव जैन ने शपथ ग्रहण के बाद शुक्रवार को नगर निगम कार्यालय पहुंचकर विधिवत कार्यभार संभाला। कार्यभार ग्रहण करते ही उन्होंने आमजन की समस्याएं सुननी शुरू कर दीं और संबंधित अधिकारियों को जल्द समाधान के निर्देश दिए। कार्यालय पहुंचे लोगों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याएं मेयर के समक्ष रखीं। इस पर मेयर राजीव जैन ने अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का निपटारा सुनिश्चित किया जाए। मेयर ने कहा कि पिछले कार्यकाल की तरह इस बार भी जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने घोषणा की कि सोमवार से शुक्रवार तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे नगर निगम कार्यालय में जनसुनवाई की जाएगी। इस अवसर पर पार्षद मुनिराम ठोलेदार, सुनीता ब्रह्मप्रकाश राठी, किरण राजेंद्र चांदना सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## पॉक्सो केस में पेश जन्म प्रमाण पत्र निकला फर्जी पीड़िता की मां पर केस दर्ज

**सोनीपत।** पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म मामले की सुनवाई के दौरान अदालत में पेश किया गया पीड़िता का जन्म प्रमाण पत्र जांच में फर्जी पाया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट के आदेश पर पीड़िता की मां समेत संबंधित लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करने का मुकदमा दर्ज किया गया है। मामला नवंबर 2024 में थाना सदर सोनीपत में दर्ज पॉक्सो और दुष्कर्म केस से जुड़ा है। इस मामले की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नरेंद्र की फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट में चल रही है। सुनवाई के दौरान अदालत में पेश किए गए जन्म प्रमाण पत्र की जांच कराई गई, जिसमें यह दस्तावेज गुरुग्राम नागरिक अस्पताल के नाम से तैयार किया गया फर्जी प्रमाण पत्र निकला। अदालत के निर्देश पर महिला हेड कांस्टेबल रीना ने गुरुग्राम नागरिक अस्पताल के जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण कार्यालय से दस्तावेज का सत्यापन कराया। जांच रिपोर्ट में जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रार नीरज यादव ने प्रमाण पत्र को फर्जी बताया। मामले को गंभीर मानते हुए अदालत ने विस्तृत जांच के आदेश दिए। इसके बाद आदेश की प्रति और संबंधित दस्तावेज थाना सदर सोनीपत भेजे गए, जहां पीड़िता की मां के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि फर्जी जन्म प्रमाण पत्र किसने तैयार किया और इसमें किन लोगों की भूमिका रही।




## करंट लगने से बिजली निगम के एएलएम की मौत

**गन्नौर।** सरढाना पावर हाउस में कार्यरत बिजली निगम के एएलएम की ड्यूटी के दौरान करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान 24 वर्षीय साहिल निवासी गांव मंडोरा, खरखौदा के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर थाना गन्नौर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे साहिल वर्क परमिट लेकर बजाना कला क्षेत्र में ट्रांसफार्मर पर कार्य कर रहा था। इसी दौरान अचानक बिजली प्रवाहित होने से उसे जोरदार करंट लग गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने उसे तुरंत खानपुर मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



- वर्क परमिट लेकर ट्रांसफार्मर पर काम कर रहा था, बिजली आने से करंट लगा

**घर का इकलौता सहारा था साहिल:** साहिल अपने परिवार का इकलौता सहारा था। उसके पिता तीर्थराम का करीब 10 वर्ष पहले निधन हो चुका था। पिता की मौत के बाद परिवार की जिम्मेदारी साहिल पर आ गई थी। वह कुछ समय पहले ही लाइनमैन की नौकरी पर लगा था। उसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में शोक का माहौल है, जबकि मां का रो-रोकर बुरा हाल है। साहिल की दो बहनें हैं, जिनकी शादी हो चुकी है।

### बड़ी से पानी की मोटर चोरी, केस

**गन्नौर।** गांव बड़ी में किराये पर बने कमरों से पानी की मोटर चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बड़ी निवासी संदीप रंगा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव में किराये पर देने के लिए कमरे बना रखे हैं। 27 मई की शाम करीब चार बजे जब वह कमरों पर पहुंचा तो वहां लगी पानी की मोटर गायब मिली। उसने आसपास काफी तलाश की, लेकिन मोटर का कोई सुराग नहीं लग सका। शिकायत के आधार पर थाना बड़ी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।





# आजकल बच्चों वाली फिल्में कम बनती हैं : जैकी

**मुंबई।** अभिनेता जैकी श्रॉफ इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो - एलियंस का आगमन'को लेकर चर्चाओं में हैं। जैकी फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। यह बच्चों के लिए बनी एक फन लविंग फिल्म है। इस बीच जैकी श्रॉफ ने कहा कि यह शैली उनके दिल के बेहद करीब है, क्योंकि यह मेनस्ट्रीम सिनेमा से गायब एक खास पहलू को छूती है। एक बातचीत के दौरान जैकी श्रॉफ ने फिल्म को लेकर कहा कि आजकल बच्चों की फिल्में बहुत कम बनती हैं और अगर कोई फिल्म बच्चों, उनके सपनों, उनकी मासूमियत के बारे में हो तो मुझे उसे पर्दे पर उतारना अच्छा लगता है। फिल्मों में हमें ये सब देखने को नहीं मिलता। मैं हर तरह की फिल्में करता हूं, लेकिन यह शैली मेरे दिल के बेहद करीब है क्योंकि हम सभी के अंदर एक बच्चा छिपा होता है। बचपन में अथर्ववेद, आयुर्वेद, ऋग्वेद पढ़ने के बजाय, हम 'जैक एंड जिल वेंट अप द हिल', 'रिंग-ए-रिंग-ए-रोजेज' और 'अलादीन' पढ़ते थे। हम उन चीजों के बारे में नहीं सीख रहे हैं जो वास्तव में भारतीय हैं। मुझे लगता है कि ये वो चीजें हैं, जो हमने बचपन में खो दीं।

लाइफ Style

# कियारा

## 'किसी से हाय-हेलो मत करना'



एक्टर यश और कियारा आडवाणी जल्द ही फिल्म 'टॉक्सिक ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन अप्स'में नजर आने वाली हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने इस फिल्म के अनुभव के बारे में खुलकर बात की। एक इंटरव्यू में कियारा ने बताया कि फिल्म की डायरेक्टर गीतू मोहनदास ने उनसे सेट पर एक खास बात के लिए कहा था। उन्होंने कहा, 'गीतू ने मुझसे कहा कि जब तुम कल सेट पर आओ, तो मैं चाहती हूं कि तुम अपने किरदार में ही रहो।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मैं आमतौर पर सेट पर जाते ही सबसे हाय, हेलो, गुड मॉर्निंग कहती हूं, मैं वैसी ही इंसान हूं। लेकिन, उन्होंने मुझसे साफ कहा कि मुझे कोई फॉर्मेलिटी नहीं चाहिए। मैं चाहती हूं कि तुम सीधे अपने किरदार के जोन में आओ। किसी से 'हाय-हेलो'मत करना, अपनी टीम से भी नहीं, बस पूरे दिन उसी जोन में रहना।' कियारा आडवाणी ने यह भी माना कि इस फिल्म पर काम करना उनके लिए काफी 'चैलेंजिंगरहा, क्योंकि उन्हें कन्नड़ भाषा में भी शूट करना पड़ा। उन्होंने कहा, 'कन्नड़ में काम करना मेरे लिए नया अनुभव था। मैं कहूंगी कि 'टॉक्सिक'मेरे लिए इसलिए भी मुश्किल रही क्योंकि पहली बार हमने एक ही सीन को अंग्रेजी और कन्नड़ दोनों में शूट किया। पहले हम उस सीन को अंग्रेजी में करते थे, जब तक परफेक्ट टेक नहीं मिल जाता। उसके बाद उसी सीन को कन्नड़ में शूट करते थे।' कियारा ने आगे बताया, 'मेरे लिए कन्नड़ मेरी भाषा नहीं है, इसलिए मुझे अपने डायलॉग्स एक रात पहले ही रटने पड़ते थे।'बता दें कि केवीएन प्रोडक्शंस और मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के बैनर तले बनी फिल्म 'टॉक्सिक ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन अप्स' में यश, नयनतारा, हुमा कुरैशी, रुक्मिणी वसंत और तारा सुतारिया भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म पहले 4 जून को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे एक बार फिर टाल दिया गया है। फिलहाल फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान नहीं किया गया है।

हॉलीवुड मसाला



# जॉन रैम्बो में मुख्य भूमिका निभाएंगे नोआ

**लॉस एंजिल्स।** सिल्वेस्टर स्टेलोन की मशहूर फिल्म रैम्बो सीरीज की अगली फिल्म जॉन रैम्बो जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी। शुक्रवार को निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। इस फिल्म में सिल्वेस्टर स्टेलोन नहीं, बल्कि नोआ सेंटिनियो मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। 'जॉन रैम्बो' फिल्म 'रैम्बो' के शुरुआती दिनों की कहानी दिखाएगी, जो 1982 में आई इस सीरीज की पहली फिल्म 'फर्स्ट ब्लड' से भी पहले के समय पर आधारित है। 'जॉन रैम्बो' 4 जून, 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में मुख्य भूमिका नोआ सेंटिनियो निभाएंगे। इस फिल्म में सिल्वेस्टर स्टेलोन की जगह अब नोआ सेंटिनियो मुख्य किरदार 'जॉनी रैम्बो' के रूप में नजर आएंगे। इस फिल्म में डेविड हार्बर 'मेजर ट्रॉटमैन' की भूमिका निभाएंगे। उनके साथ जेम्स फ्रैंको, जेसन टोबिन और क्विंसी यशायाह जैसे कई बाकी कलाकार भी अहम रोल में दिखेंगे।



# तलाक के बाद जेनिफर ने हटवाया बेन का टैटू

**लॉस एंजिल्स।** सिंगर और एक्ट्रेस जेनिफर लोपेज की एक फोटो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है। जिसके बाद से ऐसी खबरें सामने आ रही हैं कि उन्होंने अपने एक्स-हसबैंड बेन एफ्लेक के नाम वाला टैटू कवर कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जेनिफर ने मेमोरियल डे के मौके पर अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'आज का दिन मैं अपने करीबियों के साथ बिता रही हूं। सभी को हैप्पी मेमोरियल डे।'इन तस्वीरों में से एक में वह अपने बेटे मैक्सिमिलियन 'मैक्स'मुनिज के साथ नजर आईं, जो उनके और उनके एक्स-हसबैंड मार्क एंथनी के बेटे हैं। इस फैमिली गैदरिंग के दौरान जेनिफर ने बैकलेस ड्रेस पहनी हुई थी, जिसमें उनका टैटू साफ दिखाई दे रहा था। पहले इस टैटू में एक इन्फिनिटी साइन था, जिसमें जेनिफर और बेन दोनों के नाम लिखे थे और उसके ऊपर एक एरो बना था। लेकिन, अब जो तस्वीर सामने आई है, उसमें जेनिफर नाम तो दिख रहा है, लेकिन बेन का नाम कवर किया हुआ नजर आ रहा है। जेनिफर ने यह टैटू फरवरी 2023 में वैलेंटाइन डे के मौके पर दिखाया था, जब वह और बेन एफ्लेक शादी के बाद अपना पहला वैलेंटाइन मना रहे थे। उस समय उन्होंने लिखा था, 'कमिटमेंट... हैप्पी वैलेंटाइंस डे माय लव।



# पिरामिड स्कीम का ट्रेलर रिलीज नए अंदाज में दिखे शेखर


**नई दिल्ली।** सीरीज 'द पिरामिड स्कीम' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। सीरीज के ट्रेलर में बिजनेस के जरिए अपने सपनों और कामयाबी हासिल करने की ख्वाहिश लिए कुछ किरदार नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में करोड़पति बनने के रास्ते में आने वाले उतार-चढ़ावों को मजाकिया अंदाज में दिखाया गया है। कभी न कभी नेटवर्क मार्केटिंग से सभी का सामना होता है। कोई मजबूरी में इस काम से जुड़ता है तो कोई इसकी चकाचौंध देख कर। ट्रेलर में एक लड़का दिखाया गया है, जो पिता से अपने बिजनेस के लिए पैसे मांग रहा है। मगर पिता दे नहीं रहे हैं। इस लड़के के अलावा सीरीज में एक बिजनेसमैन भी है, जो नेटवर्क मार्केटिंग के बिजनेस के सपने लोगों को दिखाता है। अभिनेता शेखर सुमन को आखिरी बार सीरीज 'हीरामंडी' में देखा गया था। इसके बाद अब वो 'द पिरामिड स्कीम' सीरीज में दिखाई देंगे।



# अली स्टारर राख की रिलीज डेट आई सामने

**मुंबई।** अली फजल और सोनाली बेंद्रे स्टारर आगामी इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर सीरीज 'राख'की रिलीज डेट अब सामने आ गई है। मेकर्स की ओर से सोशल मीडिया पर सीरीज से अली फजल का एक पोस्टर साझा किया गया है। इसके साथ ही मेकर्स ने रिलीज डेट भी घोषित कर दी है। पोस्टर में अली फजल पुलिस की वर्दी में नजर आ रहे हैं। उनके सामने एक लाश जैसी पड़ी मालूम हो रही। अली काफी इंटेंस और परेशान नजर आ रहे हैं। इसके साथ कैप्शन में मेकर्स ने लिखा, 'दबे हुए सच हमेशा अपना रास्ता खोज ही लेते हैं।' राख 12 जून से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी। राख एक इन्वेस्टिगेटिव ड्रामा सीरीज है, जो अपराधी की मानसिकता और आम जिंदगी के पीछे छिपे डार्कनेस को दिखाती है। जब दो लड़के अचानक गायब हो जाते हैं, तो एक खुशहाल परिवार टूट जाता है और पूरा शहर दहशत में आ जाता है।

टीवी मसाला




# अगर आप कोई स्टार नहीं हैं तो कोई भी आपको कुछ नहीं समझता

**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस और इंटरनेट पर्सनैलिटी उर्फी जावेद अक्सर अजीब ड्रेस पहनने को लेकर चर्चा में रहती हैं। हाल ही में उन्होंने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपने मुश्किल सफर के बारे में बात की है। उन्होंने यह भी बताया कि सोशल मीडिया से उनकी जिंदगी बदलने से पहले, उनके टेलीविजन के दिन कितने मुश्किल थे। सोहा अली खान के पॉडकास्ट पर बातचीत के दौरान, उर्फी ने बताया मुश्किलों का सामना करने के बावजूद, उन्होंने हमेशा एक स्टार बनने और मुंबई में एक आरामदायक जिंदगी जीने का सपना देखा था। उन्होंने बताया कि वह अपने जालिम पिता से बचने के लिए घर से भाग गई थीं। उर्फी ने बताया कि शुरुआत में उन्होंने बॉलीवुड प्रोजेक्ट्स के लिए ऑडिशन देने की कोशिश की, लेकिन जल्द ही उन्हें एहसास हो गया कि इंडस्ट्री में बिना किसी जान-पहचान के मौके मिलना बहुत मुश्किल है। इसके बाद उन्होंने यह सोचकर टेलीविजन का रुख किया, कि वहां काम मिलना शायद आसान होगा। हालांकि ऐसा नहीं था। टीवी में उन्हें अक्सर साइड रोल ही मिले। टेलीविजन इंडस्ट्री में अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए उर्फी ने कहा, 'अगर आप कोई स्टार नहीं हैं या लीड रोल में नहीं हैं, तो कोई भी आपको कुछ नहीं समझता। अगर आप कोई साइड कैरेक्टर हैं, तो आपके साथ अच्छा बर्ताव नहीं किया जाता।'

## अर्चना ने समीरा के बगीचे से तोड़े काजू

**नई दिल्ली।** समीरा रेड्डी उन फिल्मी सितारों में से एक हैं जो मुंबई की चकाचौंध से दूर गोवा में सुकून भरी जिंदगी जीने में यकीन करती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस अर्चना पूरन सिंह अपने परिवार के साथ समीरा रेड्डी के घर घूमने पहुंचीं। इस दौरान अर्चना ने पहली बार अपने हाथ से काजू तोड़े जिसे संभालकर रखने की



बात करती दिखीं। अर्चना पूरन सिंह ने समीरा रेड्डी ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में अर्चना समीरा के गार्डन से ऑर्गैनिक रियल काजू तोड़कर बेहद खुश नजर आ रही हैं। वो कह रही हैं कि ये काजू वो हमेशा अपने साथ एक याद के तौर पर रखेंगी। वीडियो में अर्चना अपने परिवार के साथ समीरा के गार्डन में दिख रही हैं। शेयर किए गए वीडियो में देखा जा सकता है कि अर्चना पूरन सिंह पूरे परिवार के साथ समीरा के बगीचे में काजू का फल तोड़ती हैं जबकि समीरा उन्हें इस मजेदार अनुभव के बारे में बताती हैं। वहीं, अर्चना कहती हैं कि इसे वो खास याद के तौर पर रखेंगी। उसी बीच अर्चना के पति परमीत सेठी याद दिलाते हैं कि भारती सिंह के बेटे का नाम भी काजू है। इस वीडियो में अर्चना और परमीत के बेटे आर्यमन सेठी और आयुष्मान सेठी भी नेचर का लुत्फ उठाते दिखाई दे रहे हैं।

# सलमान ने खास दोस्तों को दिखाई मातृभूमि की झलक



**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मातृभूमि' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में सलमान ने अपनी फिल्म 'मातृभूमि' का रफ कट वर्जन कई निर्देशकों को एक साथ दिखाया। जिसकी एक खास झलक सुभाष घई ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। मशहूर फिल्ममेकर सुभाष घई ने इंस्टाग्राम पर इस शाम की एक तस्वीर शेयर की है। इस फोटो में सलमान खान के साथ सूरज बड़जात्या, डेविड धवन, कबीर खान, रूमी जाफरी, रितेश देशमुख, चित्रांगदा सिंह, सिद्धार्थ रॉय कपूर और अपूर्व लाखिया जैसे कई बड़े सितारे नजर आ रहे हैं। तस्वीर में सलमान खान काले कपड़ों में और चित्रांगदा सिंह सफेद कपड़ों में बेहद सुंदर लग रही थीं। फोटो शेयर करते हुए सुभाष घई ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'आज अपने पसंदीदा निर्देशकों को एक साथ देखना बहुत अच्छा लगा। हम सब अपूर्व लाखिया की फिल्म 'मातृभूमि' को देखने आए थे। इस फिल्म में सलमान खान और चित्रांगदा मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म गलवां सीमा पर भारत और चीन के सैनिकों की एक भावुक कहानी पर आधारित है, जो दोनों देशों के सैनिकों की अपने परिवार और देश के प्रति भावनाओं को दिखाती है। फिल्म का मुख्य संदेश शांति और सम्मान है।' इसी के साथ सुभाष ने सलमान का शुक्रिया अदा करते हुए लिखा, 'सलमान, हमें बुलाने के लिए शुक्रिया। हम फिल्म की बड़ी सफलता की कामना करते हैं।' सलमान खान का इस स्क्रीनिंग में आए सभी निर्देशकों के साथ बहुत पुराना और गहरा रिश्ता है।

# जून में रिलीज होंगीं ये हिंदी फिल्में

**नई दिल्ली।** जून का महीना सिनेमा लवर्स के लिए खास रहने वाला है। ओटीटी पर शानदार फिल्में और सीरीज रिलीज हो रही हैं। इसके अलावा, सिनेमाघरों में भी कुछ बेहतरीन फिल्में रिलीज हो रही हैं। जून के महीने में हिंदी, इंग्लिश और भारत की क्षेत्रीय भाषाओं को मिलाकर 20 से ज्यादा फिल्में सिनेमाघरों में जून में रिलीज होंगी। हम आपको उन फिल्मों के नाम बता रहे हैं जो हिंदी भाषा में रिलीज होंगीं। 10 हिंदी फिल्में जून के महीने में सिनेमाघरों में रिलीज हो रही हैं।

**पेड्डी :** ये एक तेलुगु भाषा की फिल्म है जिसे हिंदी भाषा में भी रिलीज किया जाएगा। फिल्म में राम चरण, जाह्नवी कपूर, विजय सेतुपति, दिव्येन्दु और शिव राजकुमार जैसे कलाकार नजर आनेवाले हैं। फिल्म को बुची बाबू सना ने डायरेक्ट किया है। जॉनरः स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा, रिलीज डेटः 4 जून।

## 12 जून को 4 फिल्मों का होगा क्लैश



**गवर्नर :** इस फिल्म में मनोज बाजपेयी, अदा शर्मा और मधु शाह जैसे कलाकार नजर आएंगे। फिल्म को चिनमय मंडलेकर ने डायरेक्ट किया है। जॉनरः पीरियोडिक थ्रिलर, रिलीज डेटः 12 जून।

**मैं वापस आउंगा :** फिल्म को इम्तियाज अली ने डायरेक्ट किया है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ, शारवरी वाघ, नसीरुद्दीन शाह और वेदांग रैना जैसे कलाकार नजर आएंगे। जॉनरः रोमांटिक ड्रामा, रिलीज डेटः 12 जून।

भारत भाग्य विधाता। कंगना रनौत और गिरिजा ओक जैसे कलाकार इस फिल्म में नजर आएंगे। फिल्म को मनोज तापड़िया ने डायरेक्ट किया है। ये फिल्म सच्ची कहानी पर आधारित फिल्म होगी। जॉनरः ड्रामा थ्रिलर, रिलीज डेटः 12 जून।

**है जवानी तो इश्क होना है :** वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े की इस फिल्म को डेविड धवन ने डायरेक्ट किया है। वरुण धवन ने फिल्म में जस का किरदार निभाया है। इस फिल्म में सलमान खान के चुनरी-चुनरी गाने का

**बंदर :** इस डार्क क्राइम थ्रिलर को अनुराग कश्यप ने डायरेक्ट किया है। बॉबी देओल इस फिल्म में लीड रोल में नजर आएंगे। बॉबी देओल के साथ फिल्म में सान्या मल्होत्रा और सबा आजाद जैसे कलाकार नजर आएंगे। **जॉनरः** डार्क क्राइम थ्रिलर, रिलीज डेटः 5 जून।

**हॉटेड थ्रीडीः** ईकोज ऑफ द पास्ट : विक्रम भट्ट ने इस फिल्म को डायरेक्ट किया है। ये फिल्म साल 2011 में आई फिल्म हॉटेड थ्रीडी का सीक्वल है। इस फिल्म में महाक्षय चक्रवर्ती, चेतना पांडे, श्रुति प्रकाश और हेमंत पांडे जैसे कलाकार नजर आएंगे। जॉनरः हॉरर, रिलीज डेटः 12 जून।

## 7 पतियों की मौत, मिला ये कल्ट गाना, दिलचस्प है इस गाने की कहानी

# 166 साल पुराने रूसी लोकगीत पर बना ये हिंदी सॉन्ग, ऊषा ने दी आवाज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सिनेमा में ऐसे कई सिंगर्स हैं, जिनके काम को खूब पसंद किया और जिन्होंने सालों तक काम किया। लेकिन, उनके काम को वो पहचान नहीं मिली, जिसके वह हकदार थे। ऐसा ही बॉलीवुड की एक सिंगर के साथ हुआ, जब उन्होंने एक ऐसे गाने को बनाया जिसने उन्हें उनके करीब 40 साल के कॅरियर में पहली बार उन्हें अवॉर्ड दिलाया था और यह सब उनके एक गाने की वजह से हुआ था और आज उसी कल्ट गाने की कहानी जानते हैं।

### कौन सा है वो गाना?

बॉलीवुड की मशहूर सिंगर ऊषा उत्थुप ने सिनेमा में कई यादगार गाने दिए, लेकिन उन गानों के लिए उन्हें कभी वो सराहना या बड़े सम्मान नहीं दिए गए। फिर साल 2011 में ऊषा उत्थुप को एक फिल्म का ऑफर आया और इस फिल्म का नाम था '7 खून माफ' । यह वही फिल्म है, जिसमें प्रियंका चोपड़ा ने मुख्य किरदार निभाया था। इस फिल्म में ऊषा ने मैगी का किरदार निभाया। इसी फिल्म में एक गाना था, जिसका नाम था 'डार्लिंग' इस गाने को ऊषा ने ही अपनी आवाज दी थी और उनके साथ रेखा भारद्वाज ने भी इस गाने को गाया था।



### इस गाने के लिए अवॉर्ड मिला

*इस गाने के लिए ऊषा उत्थुप को अवॉर्ड भी मिला और ये उनके जीवन के एक बड़ी उपलब्धि थी। आमतौर पर बॉलीवुड में विदेशी धुनों को बिना बताए कॉपी कर लिया जाता है, लेकिन विशाल भारद्वाज ने फिल्म की एल्बम और क्रेडिट रोल्स में आधिकारिक तौर पर 'कालिन्का' और उसके रूसी ओरिजिन को पूरा क्रेडिट दिया है। इसीलिए आज भी यह गाना उतना ही हिट है और लोग इस पर खूब थिरकते हैं।*

### रूसी धुन से बना आइकोनिक गाना

असल में डार्लिंग गाना सात समंदर पार से आया था। 'डार्लिंग' गाना रूस का एक बेहद मशहूर और पारंपरिक लोक गीत है, जिसका नाम है 'कालिन्का' । कालिन्का को साल 1860 में रूसी संगीतकार और लोक-साहित्यकार इवान लारियोनोव ने लिखा था। रूस में यह गाना उतना ही लोकप्रिय और पवित्र माना जाता है, जितना भारत में संगीत सीखने के लिए 'सा रे गा मा' या कोई बहुत प्रसिद्ध लोकगीत। यह गाना अक्सर रूसी सेना के कॉयर द्वारा गाया जाता रहा है। आज भी वहां यह गाना अलग-अलग मौकों पर गाया जाता है। ऊषा उत्थुप ने इसी गाने की धुन को सोचा और फिर विशाल भारद्वाज के साथ मिलकर उन्होंने डार्लिंग जैसा कल्ट गाना बना दिया, जो कि ब्लॉकबस्टर रहा।

### कैसे बना डार्लिंग गाना?

दरअसल, उस दौरान ऊषा उत्थुप को ऐसे ही विशाल भारद्वाज ने अपनी फिल्म 7 खून माफ का ऑफर दिया और पूछा कि क्या वह एक्टिंग करना चाहेंगी। बाद में उन्होंने इस ऑफर को एक्सेप्ट कर लिया और इसके बाद सीधे ही फिल्म में ऊषा को मैगी का किरदार मिल गया। अब फिल्म '7 खून माफ' रस्किन बॉन्ड की कहानी 'सुजानाज सेवन हसबैंड्स' पर आधारित थी। फिल्म में प्रियंका चोपड़ा मुख्य किरदार में थीं और प्रियंका का किरदार सुजाना कुल 7 शादियां करती है और अपने पतियों को मार देती है। इसी में एक पति के किरदार का नाम अलेक्जेंडर होता है और वह रूसी होता है। इसी को लेकर ऊषा उत्थुप के दिमाग में एक रूसी धुन आती है और फिर विशाल भारद्वाज को यह बताती हैं तो इस पर विशाल उनसे एक गाना बनाने को कहते हैं।

## खबर संक्षेप

### मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**खरखौदा।** 94.5 माई एफएम द्वारा आयोजित विशेष सम्मान समारोह में प्रताप स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। करनाल में आयोजित समारोह में दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाली छात्राएं श्रुति, सारिका, निशिका, तृषा तथा छात्र तन्मय को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त मैरिट श्रेणी में स्थान प्राप्त करने वाले अन्य विद्यार्थियों को भी प्रशंसा पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को दी भावभीनी विदाई

**सोनीपत।** पुलिस लाइन सोनीपत में आयोजित सम्मान एवं विदाई समारोह में पुलिस आयुक्त ममता सिंह, आईपीएस, एडीजीपी ने सेवानिवृत्त होने वाले 11 पुलिस कर्मचारियों को भावभीनी विदाई दी। समारोह में निरीक्षक शमशेर सिंह, निरीक्षक सुभाष, निरीक्षक पवन कुमार, ऑनरी निरीक्षक कप्तान सिंह, ऑनरी निरीक्षक ओमप्रकाश, ऑनरी निरीक्षक राजबीर, ऑनरी निरीक्षक सुरेन्द्र, उप निरीक्षक रणबीर सिंह, सहायक उप निरीक्षक सुरेन्द्र, मुख्य सिपाही रामप्रताप और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी जीवन प्रकाश को सम्मानित किया।

### 43 वर्ष की सेवा के बाद विष्णु दत्त सेवानिवृत्त

**सोनीपत।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की शाखा पब्लिक हेल्थ, सोनीपत में जिला प्रधान विष्णु दत्त भारद्वाज के सम्मान में सेवानिवृत्ति विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा ने की। विनोद शर्मा ने बताया कि विष्णु दत्त भारद्वाज 43 वर्ष की लंबी सेवा के बाद फीटर हेल्पर पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। विभाग में ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य किया। साथ ही संगठन में प्रदेश पूर्व महासचिव, जिला प्रधान, जिला चेयरमैन, ब्रांच प्रधान और ब्रांच सचिव जैसे पदों पर रहकर कर्मियों के हितों के लिए काम किया।

### ऋषिकुल वर्ल्ड अकादमी में प्रशिक्षण कार्यशाला

**सोनीपत।** ऋषिकुल वर्ल्ड अकादमी में शुक्रवार को शिक्षकों के लिए एआई एवं कंप्यूटेशनल टीचिंग विषय पर विशेष इनहाउस प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक तकनीकों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित शिक्षण पद्धतियों की जानकारी देना रहा। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा क्षेत्र में तेजी से बढ़ रही डिजिटल तकनीकों और एआई आधारित शिक्षण तरीकों पर चर्चा की गई। शिक्षकों को विभिन्न आधुनिक एआई एप्लीकेशनों के उपयोग और उनके शैक्षणिक महत्व के बारे में बताया गया।

### गायत्री महायज्ञ प्रतिभा सम्मान समारोह कल

**खरखौदा।** युवा मंडल के तत्वावधान में दादा समाधा प्रांगण में 31 मई को भदाना में गायत्री महायज्ञ प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें गांव की 2025- 26 की प्रतिभाओं व खिलाड़ियों, गांव के रिटायर्ड फौजियों को उनकी देश की सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक वैचारिक क्रांति के राष्ट्रीय कवि लेखक ऋषिपाल भदाना होगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गांव की सुख शांति व भाईचारे को बढ़ावा देना, युवाओं को नशे एवं अपराध से दूर रखकर उनके हुनर व क्षमताओं का सम्मान कर उन्हें प्रोत्साहन देना।

### कांग्रेसियों ने निष्कासन कार्रवाई पर उठाए सवाल

**सोनीपत।** दो दिन पहले ही कांग्रेस स निष्काषित किए गए डॉ. सत्यवीर निर्माण और कुलदीप खासा ने पार्टी से निष्कासन की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की अनदेखी करते हुए जल्दबाजी में कार्रवाई की गई है। नेताओं का आरोप है कि बिना नोटिस और पक्ष सुने उन्हें पार्टी से बाहर किया गया, जो गलत है। डॉ. सत्यवीर निर्माण ने कहा कि वे पहले भी जनता की सेवा करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे।

## राजकीय विद्यालयों में लगने वाले प्रशिक्षण शिविर की तिथि में बदलाव

# विद्यार्थी-शिक्षक खेल-खेल में भारतीय भाषा और अक्षरों का ज्ञान करेंगे अर्जित

**पहले 27 मई से लगने वाले भाषा प्रशिक्षण शिविर को बढ़ते हीटवेव के चलते कर दिया गया था रद्द**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत




**सोनीपत।** सोनीपत के सेक्टर-14 स्थित जिला शिक्षा विभाग का कार्यालय।

जिले के सभी राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के साथ शिक्षक खेल-खेल में भारतीय भाषा व अक्षरों का ज्ञान अर्जित करेंगे। विद्यालय शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार 1 जून से भारतीय भाषा प्रशिक्षण शिविर लगाया जा सकता है। इससे पहले निदेशालय की ओर से 27 मई से सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर लगाने की योजना तैयार की गई थी, लेकिन लगातार बढ़ती भीषण गर्मी व हीटवेव के चलते ऐन मौके पर शिविर लगाने की योजना को रद्द कर दिया गया था। अब निदेशालय ने प्रशिक्षण शिविर की तिथि में बदलाव किया है। इसके तहत जल्द सभी जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी किया जा सकता है।

अधिकारियों की मानें तो हर साल ग्रीष्मकालीन अवकाश में भारतीय भाषा प्रशिक्षण शिविर लगाया जाता है। इस वर्ष भी निदेशालय के निर्देश पर सोमवार से जिले के राजकीय विद्यालयों में भारतीय भाषा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया जाएगा।

शिविर के माध्यम से कक्षा छठी से 12वीं तक के विद्यार्थियों के साथ शिक्षक भी सात दिन तक खेल-खेल में भारतीय भाषा व अक्षरों का ज्ञान अर्जित कर सकेंगे। खंड शिक्षा अधिकारियों के मार्फत नई शिक्षा नीति के तहत सभी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में प्राचार्य व प्रबंधकों को शिविर के लिए उचित प्रबंध कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि शिक्षक विद्यार्थियों को बेसिक गतिविधियों के साथ चित्र बनाना सहित हिंदी, अंग्रेजी व संस्कृत भाषा के अक्षर ज्ञान का अभ्यास करवा सकें। शिविर का समय रोजाना सुबह 8 से 12 बजे तक रहेगा।

### गत वर्ष अध्यापक संघ ने किया था विरोध

वर्ष 2025 के ग्रीष्मकालीन अवकाश में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया से संबंधित हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के आह्वान पर जिला इकाई ने विद्यालयों में लगने वाले प्रशिक्षण शिविरों का विरोध जताया था। शिक्षक व शिक्षा व्यवस्था के हित में हर निर्णय विवेक, संवाद व न्याय के आधार पर लेने की मांग की गई थी। शिक्षकों ने बताया था कि विभाग एक तरफ भीषण गर्मी के कारण बच्चों के ग्रीष्मकालीन अवकाश करता है, तो दूसरी तरफ शिविर लगाकर उनके स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जाता है। जिसे सीधे तौर पर शोषण करार दिया गया था। साथ ही सीमित छुट्टियों में जबरन प्रशिक्षण थोपकर अवकाश छीनने, शिक्षकों की शैक्षणिक स्वतंत्रता व निर्णय क्षमता पर प्रचार के आरोप लगाए गए थे। प्रशिक्षण शिविर के बदले उन्हें प्रतिपूरक अवकाश या अर्जित अवकाश देने की मांग की गई थी।

### भारतीय एवं लोक संस्कृति से रूबरू होंगे विद्यार्थी

शिविर के माध्यम से विद्यार्थी भारत की संस्कृति, हरियाणवी भाषा, खानपान, रहन-सहन व लोक संस्कृति से रूबरू हो सकेंगे। साथ ही उन्हें अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के प्रति जागरूक किया जाएगा। विद्यार्थियों को खेल-खेल में प्रतिदिन नई गतिविधियों से हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत भाषा के प्रयोग को समझाया जाएगा। सभी राजकीय विद्यालयों में इच्छुक विद्यार्थियों को प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने का मौका दिया जाएगा।

### एक जून से प्रशिक्षण शिविर लग सकते हैं

विद्यालय शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार राजकीय विद्यालयों में 27 मई से लगने वाले भारतीय भाषा प्रशिक्षण शिविर को पहले हीटवेव के चलते रद्द कर दिया गया था। अब 1 जून से विद्यालयों में प्रशिक्षण शिविर लगाए जा सकते हैं। इसके लिए सभी खंड शिक्षा अधिकारियों, विद्यालय प्रबंधकों को उचित व्यवस्था के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। हालांकि अभी निदेशालय की ओर से पत्र जारी नहीं किया गया है।

- नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

# नाथूपुर में विधायक ने चौपाल लगा सुनी ग्रामीणों की समस्या



राई। विधायक कृष्णा गहलावत ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए।

- विधायक ने 75 लाख की लागत से पेयजल आपूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाने के कार्य का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई

गांव नाथूपुर में वीरवार को विधायक कृष्णा गहलावत ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गांव में पेयजल समस्या को देखते हुए उन्होंने करीब 75 लाख रुपये की लागत से पेयजल आपूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाने के कार्य का शुभारंभ किया। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान और क्षेत्र का विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। गांवों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए और कार्य समय पर पूरे हों। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने बढ़ती आबादी को देखते हुए अतिरिक्त ट्यूबवेल लगाने, सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने तथा गंदे पानी की निकासी के लिए नालियों का निर्माण कराने की मांग रखीं।

### सरपंच ने करवाया अवगत

महिलाओं ने महिला चौपाल की मरम्मत करवाने की मांग उठाई, जिस पर विधायक ने तुरंत अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गांव के सरपंच ने विधायक को गांव की विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया। ग्रामीण पूर्ण ने सरकारी स्कूल को आठवीं कक्षा तक अपग्रेड करने की मांग की। राजवीर ने गांव के चारों ओर नालों के निर्माण की आवश्यकता बताई। शेर सिंह ने देसी चौपाल के निर्माण, कृष्ण ने पशु अस्पताल में तीन शेड बनवाने तथा रजनी ने महिला चौपाल की मरम्मत करवाने की मांग रखी। प्रवीण ने गांव की बिजली लाइन को सबोली से जोड़ने, पूर्व सरपंच प्रवीण ने पीडब्ल्यूडी सड़क के साथ नाला निर्माण करवाने, जगदीश ने गांव के जोहड़ की सफाई करवाने, इस्लाम पंच ने कब्रिस्तान की चारदीवारी करवाने तथा रजनीश पंच ने नई बस्ती की गलियों को पक्का करवाने की मांग विधायक के समक्ष रखी।

# करीब 15 दिन से तपती गर्मी में पेयजल संकट से जूझ रहे बसंत विहार के लोग

- नई पाइप लाइन दबाने के बाद भी सप्लाई पूरी तरह दूषित आ रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर



गन्नौर। नई पाइप लाइन दबाने के बाद सप्लाई हुआ दूषित पानी।

शहर के बसंत बिहार स्थित निरंकारी भवन वाली गली के अंतिम छोर पर रहने वाले लोग पिछले 15 दिनों से दूषित पेयजल सप्लाई की समस्या से परेशान हैं। गली में जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा नई पेयजल पाइप लाइन दबाने के बाद से लोगों को गंदा पानी मिल रहा है। लोगों का आरोप है कि विभागीय लापरवाही के कारण उन्हें भीषण गर्मी में पीने के साफ पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। गलीवासी दयानंद, सुरेश और महेंद्र ने बताया कि नई पाइप लाइन दबाने के बाद से सप्लाई का पानी पूरी तरह दूषित आ रहा है। पानी इतना गंदा है कि वह पीने योग्य नहीं है। लोगों ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए कई बार जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। गलीवासियों का कहना है कि प्रदेश के जनस्वास्थ्य मंत्री ने गर्मी के मौसम में लोगों को सुचारु पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। इसके बावजूद गन्नौर में हालात सुधरने का नाम नहीं ले रहे। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। गलीवासियों ने विभाग से जल्द पाइप लाइन की जांच कर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की है।

### यूनियन नेताओं को धमकाने का आरोप

**खरखौदा।** अपनी मांगो को लेकर हड़ताल पर बैठे ग्रामीण सफाई कर्मियों का आक्षेप है कि सरकार उनकी मांगों व समस्याओं का समाधान करने की आंदोलन को लंबा खींचकर दमन का रास्ता अपनाना चाहती है। और तो और सरकार द्वारा सफाई कर्मियों के यूनियन नेताओं को डराने धमकाने की कोशिश की जा रही है। खरखौदा ब्लॉक में धरने पर बैठे सफाई कर्मियों को संबोधित करते यूनियन के जिला अध्यक्ष रोहताश चंडालिया व मंच संचालन कर रहे ब्लॉक सचिव चांद ने कहा कि आज की महंगाई में घर खर्च चलाने के लिए सिर्फ 14 हजार रु दिये जाते हैं। उनको काम के औजार, रिक्शा की मरम्मत आदि उनकी खर्च करने की मजबूरी बन चुकी है।उनकी कोई सुनवाई नहीं की जाती। गांवों के अंदर ओर गांवों से बाहर अनेकों तरह के काम उनसे लिए जा रहे हैं।

# जीटी रोड किनारे गढ़ी कला के पास भरा दूषित पानी बना मुसीबत, ग्रामीणों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर



गन्नौर। गढ़ी कला के पास जीटी रोड किनारे भरा दूषित पानी। *फोटो :हरिभूमि*

गढ़ी कला गांव स्थित जीटी रोड के किनारे जमा दूषित पानी ग्रामीणों और वाहन चालकों के लिए बड़ी परेशानी बना हुआ है। निकासी व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने के कारण हाईवे और आसपास की गलियों में गंदा पानी जमा है, जिससे लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। वाहनों के गुजरने पर दूषित पानी उछलकर राहगीरों और दुकानदारों पर गिर रहा है, जिससे स्थानीय लोगों में प्रशासन के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है। ग्रामीण सोमबीर, सलीम, सोनू और शौकीन ने बताया कि गांव में लंबे समय से नालियों की सफाई नहीं हुई है। इसी वजह से दूषित पानी सड़कों पर जमा रहता है और सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। उन्होंने बताया कि समस्या को लेकर कई बार एसडीएम व संबंधित विभाग के अधिकारियों को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं किया गया और न ही कोई अधिकारी मौके पर पहुंचा। ग्रामीणों का कहना है कि पानी भरे रहने से आसपास बदबू और गंदगी फैल रही है।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान आर्य वीर और वीरांगनाओं को सम्मानित करते हुए।

### उपासना-अंधविश्वास निवारण पर किया मार्गदर्शन

**सोनीपत।** आर्य समाज सेक्टर-14 एवं जिला वेद प्रचार मंडल सोनीपत के संयुक्त तत्वावधान में आर्य समाज परिसर में वैदिक आध्यात्मिक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रधान रविन्द्र आर्य ने की, जबकि देवेन्द्र सिंह का विशेष सहयोग रहा। समारोह में जोधपुर से आमंत्रित वैदिक विद्वान आचार्य वरुण देव आर्य के ब्रह्मत्व में यज्ञ हवन कराया गया। मंच संचालन संस्था महासचिव रविन्द्र कुकरेजा ने किया। यज्ञ के उपरांत आचार्य वरुण देव आर्य ने प्रवचन देते कहा कि जीवन निर्माण के लिए यज्ञ, संध्या, उपासना, सत्संग और धर्म चर्चा आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि किसी सम्प्रदाय विशेष को धर्म नहीं कहा जाना चाहिए। धर्म का वास्तविक अर्थ धैर्य, क्षमा, आत्मसंयम, चोरी न करना, पवित्रता, इन्द्रियों पर नियंत्रण, सद्बुद्धि, विद्या की प्राप्ति और क्रोध न करना जैसे गुणों को धारण करना है। उन्होंने उपस्थित लोगों की शंकाओं का समाधान करते हुए अंधविश्वासों से दूर रहने और स्वाध्याय व सत्संग अपनाने का संदेश दिया।

# मिशन एडमिशन : आईटीआई खरखौदा में 2 जून से प्रारंभ होगी प्रवेश प्रक्रिया

- इच्छुक 15 जून तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा



प्रधानाचार्य संदीप अहलावत।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खरखौदा में सत्र 2026-27 प्रवेश के लिए प्रक्रिया 2 जून से प्रारम्भ होने जा रही है। संस्थान के प्रधानाचार्य संदीप कुमार अहलावत ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी 15 जून तक ऑनलाइन माध्यम से अपने आवेदन कर सकेंगे। इस वर्ष संस्थान में विभिन्न रोजगारपरक एवं तकनीकी ट्रेडों में प्रवेश दिया जाएगा।जिनमें इलेक्ट्रिशियन, कोपा, वेल्डर, फिटर, मैकेनिक मोटर व्हीकल, मशीनिस्ट, वायरमैन, डीएमएम, डीएमसी, मैकेनिक डीजल सहित कुल 18 ट्रेड शामिल हैं। प्रधानाचार्य ने बताया कि 8 वीं,10 वीं तथा 12 वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी अपनी शैक्षणिक योग्यता के अनुसार संबंधित ट्रेडों में आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आईटीआई में विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है, जिससे युवाओं को स्वरोजगार एवं रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होते हैं और वे आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ते हैं। संस्थान प्रशासन के अनुसार इस वर्ष प्रदेशभर के सरकारी एवं निजी आईटीआई संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन माध्यम से संपन्न की जाएगी। विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए संस्थान परिसर में हेल्प डेस्क की व्यवस्था भी की गई है, जहां विद्यार्थी प्रवेश प्रक्रिया, ऑनलाइन आवेदन एवं दस्तावेज संबंधी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। प्रधानाचार्य संदीप कुमार अहलावत ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करें।

## आध्यात्मिक कार्यक्रम ने राजनीतिक रूप लिया, दो पक्ष आमने-सामने

# नप कार्यालय में करवाया हनुमान चालीसा का पाठ

**चेयरपर्सन ने कार्यालय परिसर में पाठ के बाद गंगाजल का छिड़काव करवाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना



गोहाना। हनुमान चालीसा का पाठ करते नप चेयरपर्सन व अन्य।

नगर परिषद (नप) कार्यालय परिसर में शुक्रवार को चेयरपर्सन रजनी विरमानी द्वारा हनुमान चालीसा पाठ व हवन कराया गया। यह पाठ बुधवार को नप कार्यालय में ही कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा के कार्यक्रम के बाद हुआ। चेयरपर्सन ने पाठ कराने के साथ ही पूरे कार्यालय परिसर में गंगाजल का छिडक़ाव भी किया। पाठ व हवन के कार्यक्रम ने राजनैतिक रूप ले लिया और इस पर नगर परिषद की उप चेयरपर्सन राजबाला मलिक समेत कई पार्षदों ने एतराज जताया। नप प्रशासन द्वारा बुधवार से शहर में एजेंसी के माध्यम से डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन अभियान शुरू कराया था। इस कार्यक्रम में डॉ. अरविंद शर्मा विशेष तौर पर पहुंचे थे और उन्होंने नप की उप चेयरपर्सन राजबाला व पार्षदों से एजेंसी के वाहनों को झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ कराया था। कार्यक्रम में चेयरपर्सन रजनी विरमानी मौजूद नहीं थी। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा था कि कार्यक्रम में चेयरपर्सन रजनी विरमानी को बुलाया था, लेकिन वे नहीं पहुंचीं। इसके बाद से ही नप कार्यालय में हवन होने की चर्चा शुरू हो गई थी। हवन होने का मामला सामने आने पर ईओ ने एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी थी।

### पहले भी हो चुके हैं हवन

बता दें कि पहले भी नप कार्यालय में हवन हो चुका है। पिछले साल अगस्त में भी कैबिनेट मंत्री द्वारा नप कार्यालय में जनता दरबार लगाने के तीन दिन बाद अध्यक्ष की ओर से हवन कराया गया था। अब शुक्रवार को हुए हनुमान चालीसा पाठ व हवन को लेकर नप की उप चेयरपर्सन ने कहा कि कैबिनेट मंत्री डा. अरविंद शर्मा सदन के सदस्य हैं और उन्हें नगर परिषद कार्यालय में आने का पूरा अधिकार है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या मंत्री के आने से नगर परिषद कार्यालय अपवित्र हो जाता है।

## न्यूज डायरी

### कर्मियों ने परिवहन मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**गोहाना।** हरियाणा रोडवेज कर्मचारी साझा मोर्चा के बैनर तले सब डिपो गोहाना के कर्मचारियों ने शुक्रवार को यातायात प्रबंधक पंकज पूनिया के माध्यम से परिवहन मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। सब डिपो के चालक-परिचालक व अन्य कर्मचारियों का कहना है कि उनको समय पर भत्तों का भुगतान नहीं किया जा रहा है जिससे वे आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। रोडवेज सांझा मोर्चा के वरिष्ठ नेता एवं आल हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक खोखर, आजाद सिंह और अमर सिंह ने कहा कि महाप्रबंधक को देय भत्तों का भुगतान करने के लिए कई बार अवगत करवाया जा चुका है।

### एसआईआर : बीएलओ-सुपरवाइजर्स को दिए निर्देश

**गोहाना।** ईआरओ-33 बरोदा कम एसडीएम गोहाना अंकित कुमार ने एसआईआर के संबंध में बैठक ली। बैठक में एसआईआर से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया। डेडिकेटेड एईआरओ कम बीईओ कथूरा लेवल किशोर, बीएलओ सुपरवाइजर कुलदीप मलिक व प्रवीण मोर ने एसआईआर से संबंधित जानकारी दी। एसडीएम अंकित कुमार ने निर्देश दिए कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसआईआर अभियान की कार्य अवधि 15 जून से 14 जुलाई 2026 तक रहेगी।

### सावित्रीबाई फुले कन्या कॉलेज में योग प्रशिक्षण 11 से

**खरखौदा।** आगामी 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन को लेकर उप मंडल कार्यालय में एसडीएम अमित कुमार की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें योग दिवस से संबंधित तैयारियों की समीक्षा करते अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसडीएम अमित कुमार ने बताया कि योग दिवस के उपलक्ष्य में 11 से 13 जून तक सावित्रीबाई फुले कन्या महाविद्यालय, खरखौदा में योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं तथा आम नागरिक योगाभ्यास का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

### अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ने के निर्देश

**सोनीपत।** उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि 21 जून को जिले में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस "योग युक्त-नशा मुक्त" संदेश के साथ जिला व ब्लॉक स्तर पर मनाया जाएगा। इसके तहत विभिन्न योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, विद्यार्थियों और सामाजिक संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ने के निर्देश दिए।

### चौ. चरण सिंह को 39वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी

**गोहाना।** पुराना बस अड्डा गोहाना स्थित चौ. छोटू राम चौक में शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह की 39वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नागरिकों ने चौ. चरण सिंह को याद किया। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा चौ. चरण सिंह किसानों और शोषितों के मसीहा और महान स्वतंत्रता सेनानी थे। महात्मा गांधी के विचारों से प्रभावित होकर वे स्वतंत्रता आंदोलनों में कूद पड़े और 1930 के नमक सत्याग्रह सहित कई आंदोलनों में जेल भी गए। वह जातिवाद के कट्टर विरोधी थे, जिसे खत्म करने के लिए उन्होंने अंतरजातीय विवाह को बढ़ावा दिया। समारोह के अध्यक्षता मोर्चे के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया ने की।

# नामचीन देशों में प्रभावशाली होगा इंडिया, हाइड्रोजन ट्रेन से शुमार पर रहेगा सोनीपत

■ देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द दिखा सकते हैं हरी झंडी, परिचालन के लिए व्यवस्थाएं पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** स्टेशन पर हाइड्रोजन ट्रेन में यात्रियों के लिए लगे कोच।



**सोनीपत।** हाइड्रोजन ट्रेन में लगा आधुनिक इंजन।

सिटी पल्स

सोनीपत-जींद रूट पर देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन जल्द फर्राटा भरती नजर आ सकती है। रेलवे उच्च अधिकारी करीब 4 माह ट्रेन के ट्रायल के पश्चात अब इसे पूर्ण रूप से पटरी पर दौड़ाने के भरसक प्रयास कर रहे हैं। सूत्रों की मानें तो रेलवे बोर्ड की ओर से हाइड्रोजन ट्रेन के नियमित परिचालन को लेकर अधिसूचना पत्री भी जारी कर दिया गया है। जींद में लगे प्लांट में हाइड्रोजन के लिए आरओ पानी की व्यवस्था पूर्ण हो चुकी है। फिलहाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से ट्रेन को हरी झंडी दिखवाने के लिए समय मिलने का इंतजार किया जा रहा है। माना जा रहा है कि जल्द ही हाइड्रोजन ट्रेन यात्रियों की सुविधा के लिए जींद-सोनीपत रूट पर दौड़ सकती है।

रेलवे ने वर्ष 2009 में सोनीपत-गोहाना-जींद रूट पर रेल लाइन बिछाने का काम शुरू किया था। इसके 7 साल बाद 89 किलोमीटर लंबे रूट पर 27 जून 2016 को ट्रेनों का परिचालन शुरू किया गया था। अब यात्रियों का कहना है कि अब इस रूट पर हाइड्रोजन ट्रेन का परिचालन शुरू होने से भारत दुनिया के यूके, फ्रांस, जर्मनी, कनाडा, अमेरिका, चीन जैसे बड़े नामचीन देशों में अधिक प्रभावशाली होगा। साथ ही सोनीपत व जींद जिला देश में शुमार पर होंगे। बता दें कि अब तक किसी देश में अधिक कोच के साथ हाइड्रोजन ट्रेन का परिचालन नहीं किया गया है। ऐसा भारत में पहली बार होगा जब एक साथ 8 कोच वाली यह ट्रेन करीब 2500 यात्री को सवार कर सफर करेगी। ट्रेन का परिचालन जल्द शुरू कराने के लिए रेलवे मुख्यालय से लगातार उच्च अधकारियों का दल जींद में लगे हाइड्रोजन प्लांट पर अपनी नजर बनाए हुए हैं। कई बार रेलवे बोर्ड से अधिकारी, प्रिंसिपल चीफ इंजीनियर, डीआरएम, सीनियन डीएन अन्य अधिकारियों की टीमों के साथ रेल ट्रेक का जायजा भी ले चुके हैं। क्यास लगाए जा रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों जल्द हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाई जा सकती है। फिलहाल इसके लिए आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

### खास बातें

■ सोनीपत–जींद रूट 7 प्रमुख रेलवे स्टेशन पर होगा ट्रेन का ठहराव, पैसेंजर ट्रेनों के समान किराए में सफर कर सकेंगे यात्री

### हाइड्रोजन ट्रेन से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें

केंद्र सरकार ने 2023-24 में हाइड्रोजन सेल आधारित 35 ट्रेनों के बेड़े को विकसित करने के लिए 2800 करोड़ रुपये आवंटित किए थे। रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड ऑर्गनाइजेशन (आरडीएसओ) ने डीजल इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (डेमू) को हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक में ढालकर यह पहली ट्रेन तैयार की है। इसके कोच खासकर इंटीग्रल रेल कोच फैक्टरी, चेन्नई ने बनाए गए हैं। नवंबर 2025 के अंत में तैयार ट्रेन को दिल्ली के सकूरबस्ती लाया गया। बाद में दिसंबर 2025 में जींद में लगे हाइड्रोजन प्लांट तक पहुंचाया गया। अब ट्रेन का परिचालन शुरू करने के लिए प्लांट में सभी व्यवस्था पूरी होने की बात कही जा रही है।

### इन सुविधाओं पर टिका ट्रेन का वजूद

▶▶| पहली 140 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार क्षमता वाली हाइड्रोजन ट्रेन पूरी तरह प्रदूषण मुक्त होगी।
▶▶| हाइड्रोजन व ऑक्सीजन से उत्पन्न होने वाली बिजली से परिचालन होगा, धुएं की जगह केवल भाप का उत्सर्जन होगा।
▶▶| इंजन के साथ आठ कोच वाली सबसे लंबी इस ट्रेन के दरवाजे भी स्वचालित होंगे।
▶▶| जींद में 118 करोड़ से साढ़े 5 एकड़ में लगे हाइड्रोजन प्लांट में 40 हजार लीटर पानी से रोज 430 किलो गैस बनेगी, जबकि प्लांट की गैस भंडारण क्षमता 3000 किलोग्राम रहेगी।
▶▶| सोनीपत-जींद रूट पर ट्रेन का 7 प्रमुख स्टेशनों जींद, पांडु पिंडारा, भंभेवा, गोहाना जंक्शन, मोहाना व सोनीपत स्टेशन पर ठहराव होगा।
▶▶| हाइड्रोजन ट्रेन 1 घंटे में अपनी यात्रा पूर्ण करने के साथ यात्रियों को पैसेंजर ट्रेनों के समान आर्थिक खर्च उठाना पड़ेगा।

### इतिहास में दर्ज हो जाएंगे सोनीपत व जींद



हाइड्रोजन ट्रेन के परिचालन को लगातार टाला जा रहा है। पहले जनवरी, फिर फरवरी माह में ट्रेन का परिचालन शुरू करने की बात कहीं जा रही थी, लेकिन अधिकारी मामले में तत्परता नहीं दिखा रहे हैं। अगर पहली हाइड्रोजन ट्रेन का परिचालन शुरू हो जाता है, तो हरियाणा प्रदेश के साथ जिला सोनीपत व जींद रेलवे के इतिहास के पन्नों पर दर्ज हो जाएंगे। **दीपक दुआ, शहरवासी**

### लोगों को बेसब्री से इंतजार



केवल सोनीपत वासी ही नहीं, बल्कि प्रदेशभर के लोगों को हाइड्रोजन ट्रेन के परिचालन का बेसब्री से इंतजार है। ट्रेन का परिचालन शुरू कर देश व रेलवे एक बड़ी उपलब्धि को हासिल करेगा। साथ ही यात्रियों को भी सोनीपत-जींद रूट पर हाइड्रोजन ट्रेन में सफर कर मेट्रो जैसी सुविधा का अनुभव होगा। हालांकि रेलवे बिजली से ट्रेनों का परिचालन कर प्रदूषण नियंत्रण में पहले ही अपना योगदान दे रहा है। **सूरज कुमार, शहरवासी**

---

## खबर संक्षेप

### मकान पर कब्जे को लेकर महिला पर हमले वाला काबू

**खरखौदा।** वार्ड नंबर-13 निवासी महिला पर मकान कब्जाने की नीयत से घर में घुसकर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर खरखौदा थाना पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मंजू ने बताया कि 27 मई की रात करीब 8:30 बजे वह अपने दो नाबालिग बच्चों के साथ घर पर मौजूद थी, राजवीर, पारस, निशु, दयानंद तथा दो अन्य लोग उसके घर में घुस आए और लात-घूंसों, डंडों व अन्य वस्तुओं से हमला कर दिया।

### बेहतर कानून व्यवस्था बनाना ही प्राथमिकता

**गन्नौर।** नवनियुक्त एसीपी विपिन अहलावत ने कार्यभार संभालने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि अपराध और असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस पूरी गंभीरता और तत्परता के साथ कार्य करेगी।



### बार एसोसिएशन में कमल हुड्डा को दोबारा मिली प्रधानी

**सोनीपत।** जिला बार एसोसिएशन में कई माह से चल रहे खींचतान का खेल एक बार फिर पलटी लेता नजर आया। बार काउंसिल ऑफ इंडिया के आदेश के बाद कमल हुड्डा गुट को दोबारा प्रधानी मिली है। बता दें कि जिला बार एसोसिएशन में फरवरी 2025 में हुए चुनाव के बाद से लगातार विवाद जारी है। चुनाव में अनिल ढुल ने जीत दर्ज कर अध्यक्ष पद संभाला था, लेकिन उनके प्रतिद्वंद्वी कमल हुड्डा और तत्कालीन वरिष्ठ चुनाव अधिकारी अनूप दहिया ने चुनाव सामग्री बॉक्स चोरी होने का आरोप लगाया था।

---

### सीसीटीवी फुटेज व तकनीकी पहलुओं की मदद से काबू में आए आरोपी

# जटवाड़ा में महिला की हत्या का खुलासा पैसों लालच में दिया वारदात को अंजाम

सीआईए-1 की जांच में उगला महिला की हत्या का राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


**सोनीपत।** गिरफ्तार आरोपितो के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी।

शहर के जटवाड़ा में बुजुर्ग महिला संतोष की निर्मम हत्या के मामले में सीआईए-1 टीम ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि दोनों दोस्तों ने पैसों व जेवरात की लालच में लूटपाट के इरादे से वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने बुजुर्ग महिला के पड़ोस में रहने वाले अंकित और विक्रांत को पकड़ा है। विक्रात वकालत की पढ़ाई कर रहा है, तो अंकित गुरुग्राम की मल्टी नेशनल कंपनी में कार्यरत है। पुलिस ने दोनों को अदालत में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया। डीसीपी कुशलपाल सिंह ने बताया कि जटवाड़ा निवासी मुकेश ने 24 मई को सिविल लाइन थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उनकी ताई सास 65 वर्षीय संतोष देवी घर में अकेली रहती थीं। रविवार सुबह वह रोजाना की तरह सैर कर अपने घर लौट आई थीं। इसके बाद वह घर से बाहर दिखाई नहीं दीं। देर शाम ताई सास की बेटी गांव ककरोई निवासी रेनू ने उनके पास कॉल कर कहा था कि भाभी उनकी मां का मोबाइल बंद आ रहा है और संपर्क नहीं हो पा रहा। इस पर मुकेश अपनी ताई सास के घर पहुंची तो घर के बाहर से कुंडी लगी हुई थी। अंदर जाकर देखने पर संतोष देवी का शव बाथरूम में पड़ा हुआ था। उनके हाथ-पैर बंधे हुए थे और मुंह में कपड़ा ठूंसा गया था। पुलिस ने हत्या की प्राथमिकी दर्ज की थी। बाद में परिवार ने लूट की जानकारी भी दी थी। जिसके बाद लूट की धारा जोड़ी गई।

### जल्द पैसा कमाने के लालच में रचा षड्यंत्र

हत्या की वारदात के बाद पुलिस आयुक्त ने अलग-अलग टीम बनाई थी। सीआईए-1 प्रभारी राजीव की टीम ने मामले में जांच शुरू की। उनकी टीम ने कई दिन सीसीटीवी की फुटेज खंगाली और तकनीकी साक्ष्यों पर काम किया। ज अंकित व विक्रांत को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी महिला के पड़ोस में ही रहते थे और अच्छे परिवारों से संबंध रखते हैं। दोनों ने वारदात को अंजाम देना कबूल किया। डीसीपी के अनुसार आरोपियों ने गलत जगह पैसे लगाने के बाद जल्द पैसा कमाने के लालच में पहले महिला से लूटपाट का षड्यंत्र रचा और बाद में मुंह में कपड़ा ठूंसकर हत्या कर दी।

### आरोपियों ने कई दिन की महिला की रेकी



पुलिस के अनुसार आरोपियों ने कई दिनों तक संतोष की गतिविधियों की रेकी की और उसके घर आने-जाने का समय तक नोट किया। 24 मई की सुबह जब संतोष रोजाना की तरह सैर कर अपने घर लौटी, तभी दोनों युवक लूट के इरादे से घर में घुस गए। आरोपियों ने पहले महिला की हत्या कर दी और फिर वारदात को छिपाने के लिए शव को चादर से बांधकर बाथरूम में डाल दिया। इसके बाद आरोपी महिला के शरीर से सोने की चेन, कड़ा, अंगूठी और बालियां लूटकर मौके से भाग गए थे। पुलिस जांच में सामने आया है कि अंकित बीटेक व बीबीए की पढ़ाई कर गुरुग्राम मल्टी नेशनल कंपनी में नौकरी करता था। वहीं विक्रांत वकालत की पढ़ाई कर रहा था। पुलिस आरोपियों से रिमांड के दौरान पूछताछ करेगी। उनसे लूटा गया सामान बरामद किया जाएगा।

---


**सोनीपत।** आग बुझाने की कोशिश में दमकल कर्मी। फोटो : हरिभूमि

## क्षेत्र में बांस गोदाम और पेंट फैक्टरी में लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

रोहतक रोड स्थित पुराना औद्योगिक क्षेत्र में शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब एक बांस गोदाम से उठी चिंगारी ने साथ लगती पेंट फैक्टरी को भी अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की नौ गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद हालात पर काबू पाया। फैक्टरी के भीतर तक पहुंचने के लिए नगर निगम के बुलडोजर से दीवार को तोड़ना पड़ा। गनीमत यह रही कि समय रहते सभी कर्मियों को बाहर निकाल लिया गया, जिससे एक बड़ा जानी नुकसान होने से बच गया। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े छह बजे स्वास्तिक ट्रेडिंग कंपनी नामक बांस गोदाम में अचानक आग सुलग उठी। बांस के फटने और उससे निकली चिंगारियों के कारण आग पास ही स्थित अरोमा पेंट फैक्टरी तक फैल गई। पेंट फैक्टरी में ज्वलनशील पदार्थ होने के कारaण लपटें तेजी से आसमान छूने लगीं।

### पांच घंटे में स्थिति काबू

सुबह साढ़े छह बजे आगजनी की सूचना मिलते ही टीमें मौके पर जुट गई थीं। टीन शेड की वजह से पानी डालने में रुकावट आ रही थी, जिसके चलते बुलडोजर से दीवार को तोड़कर रास्ता बनाया गया। नौ गाड़ियों ने कई फेरे लगाकर पांच घंटे में स्थिति को नियंत्रित किया। आग लगने के असली कारणों का पता लगाया जा रहा है। - **रामेश्वर, अग्निशमन अधिकारी, सोनीपत**

---



### सेबी और एएमएफआई की दी जानकारी

सोनीपत। गेटवे कॉलेज के आईक्यूएसी सेल द्वारा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) और एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के सहयोग से "निवेश के माध्यम से वित्तीय आत्मनिर्भरता" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि सेबी के एजीएम रवि जायसवाल ने वित्तीय साक्षरता को जरूरी बताते हुए सुरक्षित निवेश और डिजिटल वित्तीय सुरक्षा की जानकारी दी। मुख्य वक्ता सूर्यकांत शर्मा, वरिष्ठ सलाहकार एएमएफआई एवं पूर्व उपमहाप्रबंधक सेबी ने म्यूचुअल फंड, एसआईपी और वित्तीय अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर गेटवे एजुकेशन के डायरेक्टर जनरल डॉ. (कर्नल) ए. गर्ग, डॉ. राहुल शर्मा, डॉ. विनय सिंघल और प्रो. तनुश्री दास ने भी विद्यार्थियों को जिम्मेदार निवेश और आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित किया।

## राष्ट्रीय समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उद्यमी को किया सम्मानित

**गोहाना।** पंचकूला के मोरनी हिल्स में मेडिसिनल मशरूम गैनोडर्मा की खेती करने वाले गोहाना के गांव गुढ़ा निवासी वीरेंद्र बाजवान को उद्यान रत्न पुरस्कार : 2026 से अलंकृत किया गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा उनको यह सम्मान आईसीएआर-केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान करनाल में आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम उद्यानिकी फसलों हेतु गुणवत्तापूर्ण बीज एवं रोपण सामग्री का रणनीतिक प्रतिमान विषय पर आधारित रहा। वीरेंद्र बाजवान को यह आभास ही नहीं था कि मोरनी हिल्स की वादियां अपने हाथ फैलाकर उनका इंतजार कर रही हैं। इस प्रगतिशील मशरूम किसान ने जन्मभूमि गोहाना से निकलकर मोरनी को अपनी कर्मभूमि बनाया। उनकी वीएमडबल्यू न्यूट्रासूटिकल कंपनी मेडिसिनल मशरूमों की खेती एवं रिसर्च करने की दिशा में आज तेजी से काम कर रही है। मशरूम अनुसंधान निदेशालय, सोलन से 2009 में प्रशिक्षण लेकर वीरेंद्र ने गैनोडर्मा मशरूम की खेती नियंत्रित विधि से मशरूम से बहुत सारे उत्पाद बनाए हैं। उनके अनुसार खेती की जमीन दिन प्रतिदिन कम होती जा रही हैं।


**गोहाना।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीरेंद्र बाजवान को सम्मानित करते हुए।

## बिजली की हाईटेंशन लाइनों के मुआवजे को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


**सोनीपत।** मार्च निकालकर लघु सचिवालय जाते हुए किसान। फोटो : हरिभूमि

बिजली की हाईटेंशन लाइनों से प्रभावित किसानों ने भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर के बैनर तले छोटूराम धर्मशाला में एकत्र होकर जिला मुख्यालय तक मार्च निकाला और मुख्य गेट पर धरना दिया। धरने की अध्यक्षता जिला संयोजक इंद्रजीत राणा ने की, जबकि संचालन युवा जिला प्रधान प्रवीण दहिया ने किया। करीब दो घंटे तक चले धरने के बाद किसानों ने मुख्यमंत्री नायब सैनी के नाम ज्ञापन एडीसी को सौंपा। किसान नेता बेदी दहिया ने कहा कि किसानों को उचित मुआवजा दिए बिना खेतों में बिजली के खंभे नहीं गाड़ने दिए जाएंगे। यदि प्रशासन ने जबरदस्ती करने का प्रयास किया तो किसान उसका जोरदार विरोध करेंगे। जिला संयोजक इंद्रजीत राणा ने कहा कि यदि सरकार किसानों के साथ तानाशाही करेगी तो सरकारी मशीनरी को किसानों की लाशों के ऊपर से गुजरना पड़ेगा, अन्यथा खेतों में कंपनी के कर्मचारियों को प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।

इस दौरान जिला प्रधान बेदी दहिया, जिला संयोजक इंद्रजीत राणा, युवा प्रधान प्रवीण दहिया, प्रदेश प्रवक्ता मनोज जागलान, पानीपत जिला प्रधान शमशेर पुनिया, किसान भवन प्रधान दिलबाग धौंचक, जिला कोषाध्यक्ष बिजेंद्र दहिया, रामकरण शर्मा, गोहाना ब्लॉक प्रधान राजबीर माजरा, मोनू कादयान आदि रहे।

---

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028



### खरखौदा-रोहतक मार्ग जाम करने पर अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज

**खरखौदा।** विरोध प्रदर्शन के दौरान सड़क जाम करने के मामले में पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 28 मई को टेकराम आटा चक्की वाली गली के सामने कुछ लोग मंजू निवासी वार्ड नंबर 13, खरखौदा के साथ हुई मारपीट के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाकर उनकी शिकायत पर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया। पुलिस द्वारा बाद में सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो तथा अन्य तथ्यों की जांच की गई, जिसमें सामने आया कि प्रदर्शन के दौरान लगभग 15-20 अज्ञात महिलाओं और 8-10 अज्ञात पुरुषों ने खरखौदा-रोहतक मार्ग पर अवैध रूप से भीड़ एकत्र कर सड़क जाम कर दी थी। इस कारण आम लोगों के आवागमन में बाधा उत्पन्न हुई। इस संबंध में थाना खरखौदा में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### स्विमिंग पूल में डूबने से हुई थी छात्र निशांत गौतम की मौत

# 30 दिन में जांच कर रिपोर्ट देगी स्पेशल टीम : मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


**सोनीपत।** अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम।

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने हरियाणा खेल विश्वविद्यालय, राई में छात्र निशांत गौतम की मृत्यु के मामले को गंभीरता से लेते शुक्रवार को राई पहुंचकर घटना स्थल का निरिक्षण किया। उन्होंने यहां संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की और घटना की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच सुनिश्चित करने के लिए पुलिस आयुक्त को स्पेशल टीम बनाने के निर्देश दिए। यह जांच टीम 30 दिन में जांच कर रिपोर्ट देगी। पिछले दिनों हरियाणा खेल विश्वविद्यालय, राई में एक छात्र निशांत गौतम की स्विमिंग पूल में डूबने से मृत्यु हो गई थी। घटना के बाद छात्र के परिजनों एवं अन्य लोगों द्वारा मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की जा रही थी। इसी संबंध में खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने विश्वविद्यालय पहुंचकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। इस दौरान खेल राज्य मंत्री ने स्विमिंग पूल परिसर का दौरा किया। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से घटना के समय मौजूद सुरक्षा व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट मांगी। इसके साथ ही छात्र के परिजनों, जिला प्रशासन के अधिकारियों, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग व विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ भी अलग से मीटिंग की। इसके साथ ही छात्रों, कोच, स्टाफ व यूनिवर्सिटी जांच टीम से भी बातचीत की। खेल राज्य मंत्री ने कहा कि स्पेशल टीम तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर 30 दिन में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। यदि जांच में किसी भी स्तर पर लापरवाही या नियमों की अनदेखी सामने आती है तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### ये है मामला

हरियाणा खेल विश्वविद्यालय, राई में 21 मई की रात को निशांत की स्वीमिंग पुल में डूबने से मौत हो गई थी। साउथ दिल्ली के गौतम नगर स्थित हाउस नंबर-बी 200 निवासी निशांत गौतम (30) हरियाणा खेल विश्वविद्यालय, राई से एक साल का क्रिकेट का पीजी डिप्लोमा कोर्स कर रहे थे। अगस्त, 2025 में शुरू हुआ कोर्स दो माह में पूरा होना था। वह फिलहाल विश्वविद्यालय हॉस्टल में रह रहे थे। निशांत रात करीब साढ़े आठ बजे नहाने के लिए तरणताल में गए थे, लेकिन अच्छे तैराक होने के बावजूद वह स्वीमिंग पुल में डूब गया। उनके साथ उनके अन्य सहपाठी भी थे। जिनमें क्रिकेट व एथलीट के खिलाड़ी और तरणताल व क्रिकेट कोच भी मौजूद थे। निशांत के डूबने का पता लगने पर वहां मौजूद सहपाठियों व स्टाफ में हडकंप मच गया। घटना के बाद उन्हें तुरंत बहालगढ़ रोड स्थित निजि अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से नागरिक अस्पताल भेज दिया गया। वहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।